नव भारत
राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से

## एक नजर में



### खेजरा मंदिर परिसर में पुजारी की 27 वर्षीय पुत्री ने लगाई फांसी

**दमोह.** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी स्थित खेजरा मंदिर में अज्ञात कारणों के चलते कुंअरपुर खेजरा निवासी 27 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे से युवती के शव को बरामद कर मोबाइल जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार खेजरा मंदिर के पुजारी श्री प्रहलाद दास दुबे की 27 वर्षीय पुत्री प्रमिला ने खेजरा श्री हनुमान मंदिर स्थित स्वयं के बेडरूम में फांसी लगाई. आत्महत्या के कारण फिलहाल अज्ञात बताए जा रहे हैं.

### पार्लर संचालक दंपत्ति के खिलाफ नोटिस जारी

**जबलपुर.** गोरखपुर स्थित यश मेडम एटसैलून पार्लर संचालक आयुष भार्गव व उनकी पत्नी आयुषी भार्गव के खिलाफ दायर परिवाद पर अदालत ने नोटिस जारी किये है. न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पालो दत्त की अदालत ने उन्हें अदालत के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिये है. यह परिवादी पार्लर की कर्मचारी चांदनी कश्यप की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता सचिन अग्रवाल, चेतना गुप्ता, शीर्ष अग्रवाल, राजेन्द्र नामदेव, विनय उपाध्याय व रविन्द्र नाथ बाबा ने पक्ष रखा. फरियादिया गोरखपुर स्थित यश मेडम एटसैलून पार्लर में काम करती थी.

### दवा युक्त गेहूं की दुर्गंध से 4 बच्चे बीमार 1 की मौत

**दमोह.** जिला अस्पताल दमोह में बहन सहित चार भाइयों को शनिवार सुबह इलाज के लिए लाया गया. जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने चेकअप उपरांत धर्मेंद्र पिता माखन प्रजापति उम्र करीब 5 वर्ष निवासी आनु थाना हिण्डोरिया को मृत घोषित कर दिया .वहीं रीना पिता माखन उम्र 3 वर्ष, दिनेश पिता माखन उम्र 7 वर्ष और दीपक पिता माखन उम्र 9 वर्ष की हालत गंभीर होने पर उनका उपचार चल रहा है. मौके पर ड्यूटीरत डॉक्टर मधुर चौधरी, डॉक्टर ललिता, डॉ. राजेश नामदेव, डॉक्टर सुनील जैन सहित टीम बच्चों का उपचार करने में लगी हुई है. विगत शुक्रवार रात्रि में चारों बच्चे कमरे में सोए थे। कमरे में दवा डला हुआ गेहूं रखा था, एक बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है, जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तत्काल एसडीएम सौरभ गंधर्व और तहसीलदार रॉबिन जैन को जानकारी लेने जिला अस्पताल पहुंचे.

# राष्ट्रपति आज ग्वालियर आयेंगीं, कूनो का करेंगीं भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 जून।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 21 जून को अल्प प्रवास पर वायुसेना के विमानतल पर पधारेंगीं। कुछ देर रुकने के पश्चात हैलीकॉप्टर द्वारा ग्वालियर से श्योपुर जिले के कूनों के लिये प्रस्थान करेंगीं। राष्ट्रपति कूनो नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम करेंगीं एवं कूनों पार्क का भ्रमण भी करेंगी। राष्ट्रपति 22 जून को सुबह 10.30 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा वायुसेना के विमानतल पर पधारेंगीं और कुछ देर रुकने के पश्चात ग्वालियर से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगीं।

▶ **प्रशासनिक अधिकारियों ने विमानतल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



राष्ट्रपति के ग्वालियर प्रवास को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, वायुसेना के अधिकारियों एवं निगम अधिकारियों ने विमानतल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी अरविंद सक्सेना, डीआईजी असित यादव, कलेक्टर रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, निगम आयुक्त संघ प्रिय मौजूद थे।



### आज जबलपुर में योग करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु

**भोपाल, 20 जून.** राष्ट्रपति श्रीमती दौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम रविवार 21 जून को जबलपुर में सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में सुबह 6 बजे से आयोजित किया जायेगा. कार्यक्रम स्वस्थ आयु के लिये योग की थीम पर आयोजित किया जा रहे सामूहिक योग में लगभग 5 हजार नागरिकों की सहभागिता होगी. साथ ही 31 स्कूलों के लगभग 3 हजार 400 छात्र-छात्राएं भी शामिल रहेंगे. कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल होंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है. इस वर्ष योग दिवस स्वस्थ आयु के लिए योग की अवधारणा को समर्पित है. आज पूरे विश्व में योग के लिये एक अदभुत वातावरण बना है. पूरा विश्व आज योग कर रहा है. भारतवर्ष के नागरिकों के लिये गौरव का क्षण है. योग का विधिवत विज्ञान यहां सुरक्षित है. योग दर्शन की विरासत से आज पूरा विश्व समाज लाभान्वित हो रहा है. नई पीढी इस अलौकिक समय के साक्षी बन रही हैं. हम आज गौरव और आनंद से भरे हैं. योग धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है. भारत का गौरव बढाने वाला क्षण तो है ही बल्कि पूरे विश्व को परम चेतना के प्रति जाग्रत करने का क्रांतिकारी कदम भी है.



## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 3 की मौत, 2 जख्मी

▶ **19 जून की रात को कैलारस क्षेत्र में पहाड़गढ़ रोड पर हुआ हादसा**


**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 जून।** कैलारस थाना क्षेत्र में 18 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे पहाड़गढ़ रोड पर लहचौरा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही बुलट और अपाचे बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो लोग जख्मी हुए है।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कैलारस थाना क्षेत्र के ग्राम कौंड़ा निवासी पूरन कुशवाह 26 पुत्र पातीराम कुशवाह 19 जून की रात को बाइक पर पत्नी सीमा कुशवाह (22)और भानजे योगेश कुशवाह (15) निवासी विजयपुर जिला श्योपुर के साथ गांव से शादी समारोह में शामिल होने कैलारस की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब उनकी बाइक लहचौरा गांव के पास से गुजर रही थी, तभी सामने से दूसरी बाइक पर सवार होकर आ रहे विकास कुशवाह 19 पुत्र सोनेराम कुशवाह निवासी रामपुरकलां और छोटू कुशवाह से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार सभी पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और घायलों को कैलारस स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां डॉक्टर्स ने पूरन कुशवाह को मुरैना रैफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों का कैलारस में उपचार चल रहा था। मुरैना पहुंचें घायल पूरन की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं कैलारस में उपचाररत विकास कुशवाह और ग्वालियर रैफर किए गए छोटू कुशवाह की भी मौत हो गई।अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### रेलवे लाइन विन्ध्य के विकास को नया आयाम देगी : शुक्ल

**रीवा, 20 जून.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश दिए.



मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव की एक योग मुद्रा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगाभ्यास किया.

## लारेंस गैंग के गुर्गों पर क्राईम ब्रांच का शिकंजा


**5 बदमाश दोबारा रिमांड पर**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के दो बिल्डरों को लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर धमकाकर वसूली मांगने के मामले में क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई तेज कर दी है. मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को एक बार फिर जेल से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है.**

पुलिस को पूछताछ में इंदौर समेत आसपास के जिलों में फैले नेटवर्क के अहम सुराग मिले हैं.

क्राइम ब्रांच ने बिल्डर को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई और हैरी




बॉक्सर के नाम से धमकाने के मामले में एसआईटी गठित की थी. इस मामले में पहले ही सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इनमें से राजपाल चंद्रावत, कुलदीप, योगेश भाटी, सचिन और राहुल को दोबारा रिमांड पर लिया है.

सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिनमें इंदौर और आसपास के जिलों में सक्रिय उनके साथियों के नाम भी शामिल हैं. क्राइम ब्रांच अब इन फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है. जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और अन्य को भी गिरफ्तार किया जाएगा.

## इंजीनियर-डॉक्टर देश का नाम रोशन करें : पटेल

▶ **भगिनी निवेदिता बालिका आदिवासी छात्राओं से भेंट**

▶ **औषधि का पौधरोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश**

**जबलपुर. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शनिवार को शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में संचालित भगिनी निवेदिता बालिका छात्रावास पहुंचकर आदिवासी छात्राओं से आत्मीय भेंट की और परिसर में औषधि पौधरोपण किया.**

इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने,



इंजीनियर और डॉक्टर बनकर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया. वहीं राज्यपाल के आगमन पर छात्राओं और विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा एवं प्रादेशिक सचिव डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने शॉल एवं पुष्प भेंटकर उनका स्वागत किया. पौधे रोपित करने के बाद राज्यपाल ने शनिवार को छात्रावास के कमरों का भ्रमण किया और बालिकाओं से संवाद कर प्रोत्साहित किया.

## मुझे भी कोई नहीं रोक पाएगा : पन्नालाल शाक्य

**गुना, 20 जून. गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य एक बार फिर अपने तीखे बयानों को लेकर चर्चा में हैं. सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है.**

जिसमें उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में उन्हें रोकने की कोशिशें लगातार हुईं, लेकिन वे कभी नहीं रुके. विधायक ने खुद की तुलना प्रकृति से करते हुए कहा, 'हवा और पानी को कोई नहीं रोक सकता, मुझे भी कोई नहीं रोक पाएगा. वायरल वीडियो



में शाक्य ने पार्टी के भीतर ही अपने खिलाफ हुए प्रयासों का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि 2008 में उनका टिकट काट दिया गया था, जबकि 2013 में उन्हें चुनाव हराने की कोशिश की गई, लेकिन जनता के समर्थन से वे जीतने में सफल रहे. उन्होंने यह भी कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वे भारी मतों से जीतकर विधानसभा पहुंचे. यह पहला मौका नहीं है जब शाक्य ने अपनी ही पार्टी के भीतर असंतोष के संकेत दिए हों. वे पहले भी कई बार बेबाक अंदाज में अपनी सरकार और संगठन के नेताओं पर सवाल उठाते रहे हैं. उनके बागी तेवर भाजपा संगठन के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं. अब इस नए वीडियो के सामने आने के बाद गुना की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और विपक्ष को भी सरकार पर निशाना साधने का नया मौका मिल गया है.

पन्नालाल शाक्य का यह बयान ऐसे समय आया है जब गुना की राजनीति में भाजपा के भीतर खींचतान की चर्चाएं पहले से चल रही हैं. राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि उनके बयान का इशारा पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं और सिंधिया समर्थक खेमे की ओर है. हालांकि विधायक ने वीडियो में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके शब्दों ने जिले की सियासत को गरमा दिया है.

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुआ-भतीजी की मौत

**शहडोल, 20 जून . जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के ओदारी गांव में महुआ की डोरी बीनने गई बुआ- भतीजी की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है.**

ओदारी निवासी इत्तोबाई पति धरमदास सिंह गोंड (50 वर्ष) अपनी भतीजी सफीना सिंह पिता सुखसेन सिंह गोंड (8 वर्ष) के साथ घर से करीब एक किलोमीटर दूर महुआ के पेड़ के



नीचे महुआ की डोरी बीन रही थीं. इसी दौरान मौसम अचानक बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे उनके नजदीक गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गईं.

## शोरूम कर्मचारी निकला 2 .5 करोड़ की चोरी का मास्टरमाइंड

48 घंटे में 2 .5 करोड़ चोरी का खुलासा

**इंदौर, 20 जून . लसूडिया थाना पुलिस ने कार शोरूम में हुई करीब 2.5 करोड़ रुपये की चोरी का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए शोरूम के ही एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया.**

आरोपी की पहचान लक्की बोरासी (19) निवासी बड़ी ग्वालटोली के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके कब्जे से सोने का छत्र, हीरे जड़ा मुकुट, चांदी के सिक्के, आईफोन और बाइक बरामद की है. 17 जून को पटेल मोटर्स शोरूम के ऑपरेशन मैनेजर सुरेंद्र चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके केबिन से आईफोन और लॉकर में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी हो गए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की. सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शोरूम में सफाई का काम करने वाले लक्की बोरासी पर संदेह गहराया, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई.

## स्टैंडिंग काउंसिल की भूमिका पर उठे सवाल

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाबं**

**जबलपुर, 20 जून. मप्र हाईकोर्ट में राज्य सरकार की कानूनी पैरवी व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण संस्थागत विवाद सामने आया है. मामला उन स्टैंडिंग काउंसिलों से जुड़ा है जिन्हें राज्य शासन ने नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट एवं अन्य न्यायिक मंचों के लिए नियुक्त किया है.**

हाईकोर्ट में सवाल उठाया गया है कि क्या ऐसे अधिवक्ता नियुक्ति की निर्धारित सीमा से बाहर जाकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की विभिन्न पीठों में भी राज्य का पक्ष रख सकते हैं. दरअसल याचिकाकर्ता योगेश सोनी की ओर से अधिवक्ता दिनेश कुमार उपाध्याय ने दलील दी कि 18 मार्च 2026 को अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद शासन ने अब तक जवाब दाखिल नहीं किया है. वहीं हस्तक्षेपकर्ता अधिवक्ता नीलेश अवस्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत चौरसिया ने आवेदन पेश कर दावा किया कि नई दिल्ली के लिए नियुक्त कुछ स्टैंडिंग काउंसिल मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में भी राज्य की ओर से पेश हो रहे हैं.

### जिला शिक्षा अधिकारी को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने दमोह के जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ प्रस्तावित विभागीय जांच पर अंतरिम रोक लगा दी है. एकलपीठ ने राज्य शासन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है .याचिकाकर्ता दमोह निवासी एसके नेमा ने 17 अप्रैल 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस और आरोपपत्र को चुनौती दी है. वित्त विभाग का आरोप है कि विभागीय स्वीकृति के बिना कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया.

**सौगात** ▶ बाड़ी जनकल्याण शिविर से शिवराज ने दी विकास की बड़ी सौगात

## किसानों, महिलाओं और ग्रामीण विकास पर फोकस

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 20 जून. जिले के बाड़ी में आयोजित जनकल्याण शिविर से केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण विकास को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं.**

प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े इस राज्य स्तरीय आयोजन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता के साथ



मध्य प्रदेश सरकार भी 6 हजार रुपये जोड़ रही है, जिससे किसानों को हर साल 12 हजार रुपये की सीधी मदद मिल रही है. शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि बाड़ी का जनकल्याण शिविर केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यहां प्राप्त हर आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है. भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 31 नई सड़कों की स्वीकृति की घोषणा की गई.

इनमें गैरतगंज तहसील की ग्राम पंचायत गढ़ी के आदिवासी बहुल मनकापुर टोला तक सड़क निर्माण को भी मंजूरी मिली. यह सड़क सागर-भोपाल मुख्य मार्ग से मनकापुर टोला तक करीब 2.60 किलोमीटर लंबाई में बनाई जाएगी, जिस पर 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी. शिवराज सिंह चौहान ने लोक कल्याण शिविर में सरपंच सैयद मसूद अली पटेल को इसका स्वीकृति पत्र सौंपा. इस सड़क से ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी.

## पति को छोड़ने से पहले नवविवाहिता ने चुनी मौत



▶ **मैं आप सबके लायक नहीं लिखकर छोड़ा सुसाइड नोट**

▶ **प्रेम प्रसंग के शक और तनाव का एंगल भी आया सामने**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नवविवाहिता ने पहले अपने छोटे भाई को चाकू दिखाकर घर से बाहर निकाला और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.**

पुलिस को मौके से मिले सुसाइड नोट में उसने लिखा, पति को छोड़ने से पहले मुझे यह दुनिया छोड़नी होगी और मैं आप सबके लायक नहीं हूं. पुलिस की जांच में प्रेम प्रसंग के शक और मानसिक तनाव का एंगल भी सामने आया है, वहीं परिजनों का कहना है कि युवती पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी, लेकिन इस बार उसका कदम जानलेवा साबित हुआ।परिजनों ने पुलिस को बताया कि आत्महत्या से पहले अनिता ने रोहन को घर से बाहर जाने के लिए कहा. जब वह नहीं माना तो उसने उसे डांटते हुए चाकू दिखाकर डरा दिया, जिसके बाद रोहन घर से बाहर चला गया. काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर रोहन रोने लगा. उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और परिवार को सूचना दी. मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा खोलकर अनिता को फंदे से नीचे उतारा. मृतका के पति सूरज ने पुलिस को बताया कि अनिता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया था, उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.मामले में पति सूरज और जेठ अर्जुन ने आरोप लगाया है कि अनिता गांव के एक युवक के संपर्क में थी और इस बात को लेकर वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थी. कुछ महीने पहले उसके मोबाइल की चैट सामने आई थी, जिसके बाद परिवार को इसकी जानकारी हुई थी. उस समय अनिता के पिता भी इंदौर आए थे और दो दिन तक यहां रुके थे. आरोप है कि उस दौरान भी अनिता ने पिता के मोबाइल से उस युवक से बातचीत की थी. हालांकि परिजन इसे पुराना मामला बता रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि इसके बाद भी वह तनाव में रहती थी.

पालाखेड़ी कांकड में रहने वाली 17 वर्षीय मृतका अनिता पति सूरज ठाकुर की शादी करीब दो साल पहले हुई थी. शुक्रवार शाम उसने अपने घर में फांसी लगा ली. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां शनिवार को पीएम हुआ. घटना के समय घर में अनिता के साथ उसका 9 वर्षीय छोटा भाई रोहन मौजूद था.